कार्यालय–प्राचार्य
# सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय
कोहका–नेवरा, जिला–रायपुर (छ.ग.) पिन–493114
E-mail : gdc.kohka@gmail.com, Website : gdckohka.ac.in

क्रमांक 416 / स्था. / 2023–24 कोहका, दिनांक 29 / 09 / 2023

## –: विज्ञप्ति :–
## रिक्त शिक्षकीय पदों पर अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक 504 / 126 / आ.उ.शि. / राज.स्था. / 2023 नवा रायपुर, दिनांक 10.07.2023 द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में **शैक्षणिक सत्र 2023–24** में कार्यरत् अतिथि व्याख्याता (वाणिज्य) के सेवा त्याग के कारण महाविद्यालय में रिक्त प्राध्यापक–वाणिज्य में अध्यापन कार्य हेतु अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति की जानी है :–

| क्र. | विषय | पद संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1. | **वाणिज्य** | 01 | **प्राध्यापक पद विरूद्ध** |

**शैक्षणिक योग्यता :–**

1. संबंधित विषय में स्नातकोत्तर 55 प्रतिशत (अ.जा / अ.ज.जा. हेतु 50 प्रतिशत) अंकों के साथ।
2. संबंधित विषय में नेट / स्लेट, पी–एच.डी., एम.फिल. उपाधि धारक को प्राथमिकता दी जायेगी।

**मानदेय :–**

चयनित आवेदक को प्रति कालखण्ड रू.300 / – की दर से भुगतान किया जावेगा जो प्रतिदिन रू.1200 / – अथवा रू.31200 / – प्रतिमाह सीलिंग के अधीन मानदेय की पात्रता होगी।

टीप :–

1. **अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति के संबंध में उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी व्यवस्था का पालन करते हुए मेरिट के आधार पर चयन किया जायेगा।**
2. लोक सेवा आयोग से नियुक्ति / स्थानांतरण / शासन के आगामी आदेश / संतोषजनक सेवा न होने पर अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति बिना पूर्व सूचना के प्राचार्य द्वारा समाप्त किया जा सकता है।
3. अतिथि व्याख्याता को चयनित होने के पश्चात् कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज न होना तथा किसी अन्य संस्था / महाविद्यालय में अध्यापन न करने का वचन देना होगा।
4. इस प्रयोजन हेतु कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की सेवाएं भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं बनेगा और न ही वे अधिमानिक (Preferantial Treatment) बर्ताव के हकदार होंगे।

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन (बायोडेटा) प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति सहित कार्यालय में **दिनांक 09.10.2023 अपरान्ह 04:00 बजे तक** स्वयं अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

29.09.23

(डॉ. आर.डी. दीवान)
प्रभारी प्राचार्य
स.ना.अ. शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय
कोहका–नेवरा, जिला–रायपुर (छ.ग.)

I/c Principal
S.N.A. Govt. Arts & Commerce College
Kohka-Neora, Dist.-Raipur (C.G.)